**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**17.11.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**उत्तरी क्षेत्रीय परिषद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख व चंडीगढ़ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। बैठक में राज्य सरकारों के बीच समन्वय, जल बंटवारे के मुद्दों और अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस बैठक में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के हितों व प्राथमिकताओं से जुड़े अनेक मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने पर्वतीय राज्यों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप नीतिगत सहयोग को और मज़बूत करने का सुझाव भी रखा।

**चुनाव आयोग**

राज्य निर्वाचन आयोग ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट 2020 के एक महत्वपूर्ण प्रावधान को लागू करते हुए प्रदेश की सभी पंचायतों और नगर निकायों की संरचना, वर्गीकरण व सीमाओं में किसी भी प्रकार का बदलाव तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। इस संबंध में आयोग द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अब सरकार पंचायतों का पुनर्गठन नहीं कर सकेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिया है कि चुनावी प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी पंचायत या नगर पालिका की सीमाओं, वर्गीकरण या संरचना में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आयोग ने ये कदम उन स्थानीय निकायों के समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया है, जिनका कार्यकाल अगले वर्ष के शुरूआत में समाप्त हो रहा है।

**जगत नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ये बात आज उन्होंने किन्नौर ज़िला के निचार उपमंडल की सुंगरा पंचायत में बनाए गए स्वागत द्वार भावानगर के उद्घाटन अवसर पर कही। जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों व बागवानों के हित में अनेक निर्णय ले रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए समावेशी योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश दिए।

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश के पुलिस जवान अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने आज सिरमौर ज़िला के धौलाकुआं में छठी भारत आरक्षित वाहिनी के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि ये दिन पुलिस जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, देश के प्रति समर्पण भाव और योगदान को याद करने का दिन है।

राजेश धर्माणी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में पुलिस कर्मचारियों की डाईट मनी को 2 सौ 10 रूपये से बढ़ाकर एक हज़ार रूपये किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को आधुनिक वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं ताकि समुचित पैट्रोलिंग हो सके और कानून व्यवस्था को भी कायम रखा जा सके। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और नशे के कारोबार को जड़ से मिटाने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस जवानों को पुरस्कृत भी किया।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलों से युवाओं का मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने में भी मदद मिलती है। सोलन स्थित राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय में एन.एस.यू.आई. द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को भी इस बुराई से दूर रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## बधाई

उत्तराखंड के देहरादून में 12 से 16 नवम्बर तक आयोजित अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की फॉरेस्ट टीम ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक जीते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए फॉरेस्ट टीम को बधाई देते हुए कहा है कि प्रदेश के कर्मचारी भी अपनी कड़ी मेहनत व समर्पण से हिमाचल का नाम रौशन कर रहे हैं।

———————————————————————